# कार्यालय नगर पालिका परिषद स्याना (बुलन्दशहर)

पत्र सं0 554/न0पा0परि0 स्याना/2023–24/ दिनांक 27/01/2024

## –: ई–प्रोक्योरमेन्ट/ई टैण्डरिंग निविदा सूचना:–

नगर पालिका परिषद स्याना जनपद बुलन्दशहर द्वारा 15वां वित्त आयोग (Tied, Untied Grant) एवं राज्य वित्त आयोग की धनराशि से कराये जाने वाले विकास/निर्माण कार्यो को कराने हेतु ई–निविदायें दिनांक **07.02.2024** को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की शर्तें/सूचना वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर प्रकाशन की दिनांक से दिनांक **07.02.2024** समय अपरान्ह 02 बजे तक उपलब्ध रहेंगी, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। ई–निविदा दिनांक **07.02.2024** को समय अपरान्ह 4 बजे खोली जायेंगी। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्याना जनपद बुलन्दशहर के पदनाम निविदा शुल्क की धनराशि के बैंक ड्राफ्ट के स्कैन कापी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा तथा इसकी मूल प्रति दिनांक **07.02.2024** को अपरान्ह 3 बजे तक पालिका कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डालना अनिवार्य होगा। उपरोक्त प्रपत्र प्राप्त न होने की स्थिति में निविदादाता की निविदा को अवैध माना जायेगा।

| **Tender Referance** | 553 /N.P.P. Siyana/2023-24/ dt. 27/01/2024 |
|---|---|
| Publishe date and time for ref | 31.01.2024 10.00 AM. |
| Last date and time for submission to E-tender | **07.02.2024**, 2.00 PM. |
| date and time of opening Tender | **07.02.2024**, 4.00 PM. |
| Place of opening of E-Tender | Executive Officer, Office NagarPalika Parishad Siyana |
| E-tender Security | 02% |
| E-tender Document processing. | As per list |

नोट–निविदा से सम्बन्धित दस्तावेजों की छाया प्रति डी0डी0/एफ0डी0आर0 की मूल प्रति जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्याना के नाम बंधक होगी, को दिनांक **07.02.2024** को अपरान्ह 3 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद स्याना में जमा करनी होगी। जमा न करने की स्थिति में निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

27.01.2024

(सेवाराम राजभर)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
स्याना (बुलन्दशहर)

(चौ0 ऋषिपाल सिंह)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
स्याना (बुलन्दशहर)

(1)(2)(3)(4)(5)

पृ0सं0 554 /तददिनांक 27/01/2024

प्रतिलिपि:–

1. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/प्रभारी अधिकारी (स्था0नि0) बुलन्दशहर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. उपजिलाधिकारी महोदया, स्याना।
3. समस्त अधिशासी अधिकारी/नगर पंचायत/नगरपालिका परिषद जनपद बुलन्दशहर।
4. सम्पादक दैनिक भास्कर एवं विशाल विश्व मानव को अपने समाचार पत्र में कम से कम जगह मे प्रकाशन कराकर बिल भुगतान हेतु दो प्रतियो में प्रेषित करने हेतु।
5. नगर पालिका की वेबसाईट नम्बर https://nppsiyana.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।

27.01.2024

अधिशासी अधिकारी
नगरपलिका परिषद
स्याना (बुलन्दशहर)

Scanned with CamScanner

# कार्यालय नगर पालिका परिषद स्याना (बुलन्दशहर)

पत्र सं0 553 /न0पा0परि0 स्याना/2023-24 दिनांक 27/01/2024

## *ई-निविदा सूचना*

नगर पालिका परिषद स्याना जनपद बुलन्दशहर द्वारा 15वां वित्त आयोग (Tied, Untied Grant) एवं राज्य वित्त आयोग की धनराशि से कराये जाने वाले विकास/निर्माण कार्यो को कराने हेतु ई-निविदायें दिनांक **07.02.2024** को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की शर्तें/सूचना वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर प्रकाशन की दिनांक से दिनांक **07.02.2024** समय अपरान्ह 02 बजे तक उपलब्ध रहेंगी, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। ई-निविदा दिनांक **07.02.2024** को समय अपरान्ह 4 बजे खोली जायेंगी। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्याना जनपद बुलन्दशहर के पदनाम निविदा शुल्क की धनराशि के बैंक ड्राफ्ट के स्कैन कापी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा तथा इसकी मूल प्रति दिनांक **07.02.2024** को अपरान्ह 3 बजे तक पालिका कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डालना अनिवार्य होगा। उपरोक्त प्रपत्र प्राप्त न होने की स्थिति में निविदादाता की निविदा को अवैध माना जायेगा।

| | |
|---|---|
| निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दि0 **07.02.2024** अपरान्ह 02 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दि0 **07.02.2024** अपरान्ह 04 बजे |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | धरोहर राशि @2 % | निविदा मूल्य | 18% GST | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | **15वां वित्त आयोग (Tied Grant)** | | | | | |
| 1 | विवेकानन्द विद्यालय में 01 दिव्यांग शौचालय, 03 बालक, 03 बालिका शौचालय व 02 यूरिनल का कार्य। (टाईलीकरण, सौन्दर्यकरण एवं रेम्प/रेलिंग का कार्य।) (जी0एस0टी0 सहित) | 642014 | 13000 | 650 | 117 | एक माह |
| 2 | Laying & jointing of 110 mm P.V.C. Pipe 4000 m , replacing of water line from Hapur Road Puliya to Mata Mandir Hapur Road. (जी0एस0टी0 सहित) | 3312239 | 66500 | 3350 | 603 | दो माह |
| | **15वां वित्त आयोग (Untied Grant)** | | | | | |
| 3 | नगर पालिका परिषद स्याना में कोतवाली रोड पर हापुड मोड़ से बुलन्दशहर रोड की पुलिया तक सी0सी0 रोड/इण्टरलॉकिंग पटरी के निर्माण का कार्य। लंम्बाई 132 मी0 चौ0 7.50 मी0 (जी0एस0टी0 सहित) | 2975444 | 59600 | 3000 | 540 | दो माह |
| | **राज्य वित्त आयोग** | | | | | |
| 4 | नगर के विभिन्न स्थानों पर नाली, लोहे के जाल, पुलिया व सड़क मरम्मत का कार्य। | 996160 | 20000 | 1000 | 180 | तीन माह |
| 5 | वार्ड सं0 23 पटटी मुसलमानान में डा0 इरफान के हास्पिटल से बेलकी तालाब तक एवं संबंधित गली में नाली/सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 770419 | 16000 | 800 | 144 | एक माह |
| 6 | वार्ड सं0 04 मौ0 पटटी डहर में लेखराज के मकान से पूनम के मकान तक नाली/इण्टरलाकिग का कार्य। | 676286 | 14000 | 700 | 126 | एक माह |
| 7 | वार्ड सं0 02 मौ0 अकबराबाद में शमा/इकराम के मकान से अकरम के मकान तक नाली, पुस्ता, इण्टरलाकिंग द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 471743 | 10000 | 450 | 81 | एक माह |



Scanned with CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वार्ड सं0 15 मौ0 पटटी मुसलमानान में नरगिस के मकान से सुहेल के मकान तक नाली, पुस्ता व इण्टरलाकिंग द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 423889 | 8500 | 450 | 81 | एक माह |
| 9 | वार्ड सं0 12 मौ0 जाट कॉलौनी पटटी हरनाम सिंह में सुमित चौधरी के मकान से डालचन्द लोधी के मकान तक नाली/इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 388000 | 8000 | 400 | 72 | एक माह |
| 10 | वार्ड सं0 17 मौ0 पटटी हुलासराय में रियासत के मकान से कन्छिद के मकान तक नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 339511 | 7000 | 350 | 63 | एक माह |
| 11 | वार्ड सं0 16 मौ0 विकास नगर में आरिफ के मकान से सुमित के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 317726 | 6500 | 350 | 63 | एक माह |
| 12 | कार्यालय नगर पालिका परिषद स्याना में अधिशासी अधिकारी के आवास पर रंगाई, पुताई एवं प्लास्टर व मरम्मत का कार्य। | 295568 | 6000 | 300 | 54 | एक माह |
| 13 | बुगरासी रोड पर स्थित बम्बे की पटरी पर डम्पिंग ग्राउण्ड पर लोहे की चादर लगाने का कार्य। | 259800 | 5500 | 250 | 45 | एक माह |
| 14 | उच्च प्राथमिक विद्यालय स्याना के किचन शेड/ रसोई में टाईलीकरण, रंगाई, पुताई का कार्य। | 251000 | 5100 | 250 | 45 | एक माह |
| 15 | वार्ड सं0 05 मौ0 पटटी राजाराम में विवेकानन्द स्कूल में मैन गेट से इण्टरलाकिंग द्वारा रास्ते का निर्माण कार्य। | 271496 | 5500 | 300 | 54 | एक माह |
| 16 | वार्ड सं0 02 मौ0 अकबराबाद में सोनी के मकान से राकेश के मकान तक नाली, पुस्ता इण्टरलाकिंग द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 155456 | 3500 | 150 | 27 | एक माह |

नोटः– विकास/निर्माण कार्यों हेतु निर्धारित शर्त निम्नलिखित हैः–

1. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी और स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
2. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** से डाउनलोड किये जा सकते है।
3. निविदा डालने हेतु निविदादाता को विभागीय वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदा डालने हेतु निविदादाता के पास डिजिटिल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सर्टिफाईंग प्राधिकरण द्वारा जारी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। इसके न होने पर निविदा डालना सम्भव नहीं होगा।
4. ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर सबमिट करने की अन्तिम तिथि **07.02.2024** समय अपरान्ह 2.00 बजे तक है एवं निविदा दिनांक **07.02.2024** के अपरान्ह 4 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैद्यता पूर्ववत् होगा।

5- नगरपालिका परिषद स्याना को किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। निविदा शुल्क धनराशि अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद स्याना के पदनाम से बैंक ड्राफ्ट की स्कैन कॉपी निविदा के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा। उपरोक्त प्रपत्र न होने की स्थिति में ठेकेदार की निविदा को अवैध माना जायेगा।

6- प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत धरोहर राशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 कॉलम संख्या 4 में अंकित विवरण के अनुसार अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद स्याना के पदनाम से बंधक होगी, की स्कैन कॉपी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा तथा शेष 08 प्रतिशत जमानत राशि अनुबन्ध के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करनी होगी।

7- निविदा खोले जाने के समय निविदादाता की उपस्थिति वांछनीय है।

8- निर्माण कार्यो की निविदा के साथ निविदादाता को पंजीकरण प्रमाण–पत्र, हैसियत, चरित्र प्रमाण–पत्र, पैन नम्बर, जी0एस0टी0 पंजीकरण, श्रम विभाग के पंजीकरण की छाया प्रतियां, निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 की मूल प्रतियां एवं शासनादेश संख्या 609/नौ–9–2007–249 ज/06 दिनांक 26.02.2007 के अनुपालन में प्रत्येक निविदा पत्र के साथ 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर स्वःघोषणा पत्र की मूल प्रति एक लिफाफे पर कार्य का नाम, ठेकेदार का नाम के साथ निविदादाता के स्पष्ट हस्ताक्षर एवं मोहर लगाकर निर्धारित तिथि दिनांक **07.02.2024** को अपरान्ह 04 बजे तक निर्माण विभाग, नगरपालिका परिषद स्याना कार्यालय में दस्ती प्राप्त कराया जाना अनिवार्य है। यदि लिफाफे पर उक्त विवरण अंकित नहीं होंगे तो लिफाफा अवैध माना जायेगा एवं ऐसी निविदा का संज्ञान नहीं लिया जायेगा।

9- टैण्डर सूची में उल्लिखित कार्यो के लिये तकनीकि बिड व वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफों में डालनी होगी तथा सम्बन्धित लिफाफे पर स्पष्ट रूप से तकनीकि व वित्तीय बिड अंकित किया जाना आवश्यक होगा। सर्व प्रथम तकनीकि बिड खोली जायेगी। तकनीकि बिड वैध पाये जाने पर ही वित्तीय बिड खोली जायेगी।

10- निर्माण कार्यो की निविदा डालने हेतु वही फर्म/ठेकेदार अर्ह होंगे, जिन्हे निर्माण कार्यो को करने का पांच वर्षो का अनुभव होगा। तदानुसार अनुभव प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी।





Scanned with CamScanner

11- निविदादाता द्वारा विभागीय लागत से कम लागत की निविदा डालने की दशा में शासनादेश संख्या–622/23–12–2012–2 ऑडिट/09 टी0सी0–2 दिनांक 08.06.2012 के अनुसार 10 प्रतिशत तक निम्न दरें प्राप्त होने पर 0.50 प्रतिशत दर तथा 10 प्रतिशत से कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर परफोरमेन्स गारन्टी की अतिरिक्त धरोहर धनराशि जमा कराने के उपरान्त अनुबन्ध गठित किया जायेगा। निविदादाता द्वारा उक्त धनराशि जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

12- शासनादेश संख्या 0145/नौ–9–2013 दिनांक 10.12.2013 के द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम के अन्तर्गत ठेकेदारों के पंजीयन एवं श्रमिकों के पंजीयन कराये जाने अनिवार्य होंगे। प्रत्येक निविदा कार्य का पंजीयन ठेकेदार/संस्था को कार्यादेश प्राप्ति पर श्रम विभाग से कराकर पालिका में जमा करना होगा।

13- अपठनीय/अस्पष्ट स्कैन कापी टेण्डर के साथ अपलोड होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

14- प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या 3385/86–2015–292/2015 दिनांक 15 अक्टूबर 2015 के अनुपालन में प्राप्त किये जाने वाले उपखनिजों पर नियमानुसार रायल्टी का भुगतान वैध अभिवहन प्रपत्र (एमएम–11) के आधार पर परिवहन किये जायें, बिना वैध अभिवहन प्रपत्र (एमएम–11) के किया जाता है तब प्रयुक्त उपखनिज की रायल्टी के साथ–साथ खनिज मूल्य (सामान्यतः रायल्टी का पांच गुणा) की कटौती ठेकेदार के बिल से करते हुए लेखा शीर्षक में जमा करा दी जायेगी।

15- प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन लखनऊ के पत्र संख्या 24वी0आई0पी0(1)/नौ–5–2017–120 बजट/2013 अनुभाग–5 दिनांक 24 अगस्त 2017 के अनुपालन में निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात 5 वर्ष तक अनुरक्षण रख–रखाव की जिम्मेदारी सम्बन्धित कान्ट्रेक्टर की होगी अर्थात लागत की 5 प्रतिशत धनराशि परफार्मेन्स गारण्टी के रूप में 5 वर्ष रोकने के उपरान्त निर्माण कार्य के समुचित रख–रखाव होने की दशा में भुगतान की जायेगी।

16- निविदा विवरण निम्न प्रारूप में उल्लिखित कार्यो का अलग–अलग विवरण उनकी आगणन लागत निविदा की अर्नेस्टमनी निविदा मूल्य तथा समय अवधि का विवरण उपरोक्त वेबसाईड पर देखा जा सकता है। विवरण के अनुसार प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा आमंत्रित हैं।

17- ठेकेदार/फर्म का जी0एस0टी0, आयकर, श्रम विभाग में पंजीकरण अनिवार्य है। समस्त प्रकार के कर यथा जी0एस0टी0 अन्तर्गत समस्त कटौतियां शासनादेशानुसार देय होंगी।

18- प्रत्येक निविदादाता निविदा देने से पूर्व उक्त सूची में अंकित निर्माण कार्य के स्थल का ठेकेदार भलीभांति निरीक्षण अवश्य कर लें।

19. निविदादाता को निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का जुडिशियल स्टाम्प पर रसीदी टिकिट लगाकर जमा करना अनिवार्य होगा।

20. निविदादाता को अपना पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो निविदा पत्र के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

21. निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न करने की स्थिति में एक वर्ष के लिये प्रतिबन्धित कर ब्लेक लिस्ट करने की कार्यवाही की जायेगी।

22. निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न करने की स्थिति में एक वर्ष के लिये प्रतिबन्धित कर ब्लेक लिस्ट करने की कार्यवाही की जायेगी।

23. नोट उक्त निविदा वेबसाईट https://etender.up.nic.in व http://www.bulandshahr.nic.in एवं https://nppsiyana.in पर भी देखी जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त निविदा के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी, कार्यालय नगरपालिका परिषद स्याना पर उपस्थित होकर किसी भी कार्य दिवस एवं समय में, की जा सकती है।

27.01.2024

(सेवाराम राजभर)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
स्याना (बुलन्दशहर)

(चौ0 ऋषिपाल सिंह)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
स्याना (बुलन्दशहर)

Scanned with CamScanner